## एक नजर में

### खाली पड़े प्लाट से रहवासी परेशान

**जीरापुर 11 नवंबर, सं.** नगर की आवास कॉलोनी में खाली पड़ा खण्डर प्लाट आसपास रहवासी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है. खाली खण्डर प्लाट में जहरीले कीड़े, सांप आ जाते हैं जिससे किसी अनहोनी की संभावना बनी हुई है, रहवासी क्षेत्र होने से यहां पर बच्चे वगेराह भी खेलते है ऐसे में किसी दिन कोई भी अनहोनी होने की संभावना बनी हुई है. विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आवास कॉलोनी के रहवासी क्षेत्र खाली खंडहर पड़ा प्लाट किसी का निजी है. सीएमओ हरीओम शर्मा का कहना है कि सम्बंधित को नोटिस जारी कर प्लाट की सफाई करवाई जाएगी.

### विधिक सेवा द्वारा जागरुकता रैली

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 11 नवंबर, सं.** नगर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025के अन्तर्गत विधिक जागरूकता रैली निकाली गई. न्यायालय परिसर से तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायाधीश विनोद कुमार अहिरवार के नेतृत्व में रैली निकाली जो खिलचीपुर नाका, स्वामी विवेकानंद चौराहा, इंदर चौराहा होते हुए आवास कॉलोनी स्टेडियम परिसर पहुंची जहां पर विधिक सेवा के उद्देश्य एवं न्याय क्षेत्र की जानकारी दी. बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम बतायें रैली में अधिकारी कर्मचारी बाल विवाह नहीं करने, यातायात के नियमों का पालन करने आदि प्रकार कि हाथ में तख्तियां लेकर चल रहे थे. रैली में प्रमुख रूप से तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायाधीश विनोद कुमार अहिरवार, न्यायधीश भूपेन्द्र कुशवाहा, सीएमओ हरीओम शर्मा, लेखापाल देवनारायण दांगी, बृजेश उपाध्याय, कमल भावसार, राहुल दांगी, राजेंद्र भाटी, जितेन्द्र तिवारी, नीरज मालवीय, उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी, थाना प्रभारी रवि ठाकुर, तहसीलदार आरपी सिंह गोंड, जगदीश चौहान पटवारी आदि मौजूद रहे.

# पुल ने तोड़ी मण्डी के राजस्व की कमर

## बैरसिया रोड पर बरायठा का पुल टूटने से किसानों का नरसिंहगढ़ मण्डी पहुंचना हुआ कम, फसलों की 25 प्रतिशत आवक हुई कम

**पुल दुरुस्त नहीं होने पर बैरसिया और दूसरे नगरों की उपज मण्डियों में पहुंच रहे किसान**

**नरसिंहगढ़ मण्डी को हो रहा भारी नुकसान**

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़/ब्यावरा 11 नवम्बर, सं. नरसिंहगढ़-बैरसिया मार्ग पर बरायठा के यहां मौजूद पार्वती नदी पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण पुल पर से बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद है, इससे नरसिंहगढ़ कृषि मंडी एवं नगर का व्यापार काफी प्रभावित हुआ है. नरसिंहगढ़ मंडी में आवक 25 प्रतिशत तक कम हो गई है.**

गौरतलब है कि बरायठा के समीप पार्वती नदी पुल के जर्जर होने पर इस पर से चार पहिया, बड़े वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह बंद कर दिया है. सर्वे उपरांत तकनीकि विशषज्ञों के द्वारा यहां नवीन पुल का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है. इसके बाद जीर्णशीर्ण पुल से चार पहिया वाहनों की आवाजाही को बंद कर दिया गया.



### वैकल्पिक मार्ग की दरकार

पार्वती नदी का जर्जर पुल का निर्माण नये सिरे से होगा इसमें काफी समय लगेगा ऐसे में यहां एक मजबूत और चौड़ाई वाले वैकल्पिक मार्र्ग की सख्त जरुरत है ताकि वाहनों की आवाजाही शुरु होकर आवागमन में आमजन को सुविधा हो सके. इससे मंडी में उपज लाने ले जाने में भी सुविधा हो सकेगी.

### नगर का व्यापार भी प्रभावित

नरसिंहगढ़ नगर के बाजार में भी प्रतिदिन बैरसिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सामान की खरीदी हेतु आते रहे है. नगर के सूरजपोल क्षेत्र सहित बाजार से किराना, कपड़े, बर्तन व अन्य सामान, बिल्डिंग मटेरियल सामग्री खरीदी के लिए बैरसिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन आते है. परन्तु पुल पर से ट्रेक्टर ट्रॉली, पीकअप वाहन सहित चार पहिया वाहनों की आवाजाही बंद होने के कारण नगर का व्यापार काफी प्रभावित हुआ है.

### मंडी में आवक घटी

नरसिंहगढ़ कृषि मंडी में बैरसिया सहित पुल के पार क्षेत्र से बड़ी संख्या में कृषक नरसिंहगढ़ मंडी में उपज बेचने आते है. किंतु पुल से आवाजाही बंद होने पर अब लगभग 25 प्रतिशत आवक प्रभावित हुई है. कई कृषक बैरसिया व अन्य समीप वाले स्थान पर उपज बेच रहे है. नरसिंहगढ़ मंडी प्रबंधन के अनुसार पूर्व में इस सीजन में उपज एवं प्याज, लहसुन सहित प्रतिदिन लगभग 25 हजार क्विंटल की आवक आती थी किंतु पुल बंद होने के बाद प्रतिदिन 18 से 19 हजार क्विंटल ही आवक आ पा रही है. इस तरह पुल के बंद होने से नरसिंहगढ़ मंडी की आवक काफी प्रभावित हुई है. आवक प्रभावित होने के साथ ही मंडी की आय भी प्रभावित हुई है.




### अंजनीलाल धाम पर नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

नवभारत न्यूज



**ब्यावरा 11 नवम्बर, का.** स्थानीय श्री अंजनीलाल मंदिर धाम परिसर में आज श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा विशाल निश्शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा. श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आज होने वाले विशाल निश्शुल्क नेत्र शिविर में आंखों का निश्शुल्क उपचार एवं ऑपरेशन किए जाएंगे. शिविर आज प्रात: 11 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा. शिविर में भर्ती किए गये मरीजों के लिए जांच, ऑपरेशन, भोजन, दवाई आदि का प्रबंध संस्था द्वारा निश्शुल्क किया जाएगा. नेत्र रोगी अपना आधार कार्ड आवश्यक रुप से साथ लाये. आधार कार्ड होने पर ही पंजीयन होगा. विदित है कि श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर वर्षो से प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को निश्शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाता है.

### नाबालिग बच्चों के आपत्तिजनक वीडियो शेयर करने वाले को दबोचा

**नवभारत न्यूज, बोड़ा 11 नवंबर, सं.** नाबालिग बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री के प्रसारण एवं भंडारण से जुड़ी शिकायत पर पुलिस मुख्यालय से साइबर टिपलाइन के माध्यम से प्राप्त सूचना पर थाना बोडा को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया. थाना बोडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आईटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की. अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला (भा.पु.से.) के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा निरीक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा गठित टीम ने सतत प्रयास करते हुए आरोपी की खोज की एवं मात्र 72 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की. गिरफ्तार आरोपी रवि पिता कन्हैयालाल मेघवाल, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम झागरिया, थाना बोडा, जिला राजगढ़ है. उसके पास से मोबाइल फोन (जिससे आपत्तिजनक सामग्री शेयर की गई थी) जब्त किया गया है.

## जूडो में राज्य रजत जीता ब्यावरा के हिमेश ने

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 11 नवम्बर, का.** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन नीमच में किया गया. जिसमें पूरे प्रदेश से प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हुए. इस प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के जूडो खिलाड़ी हिमेश सोंधिया ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम किया. साथ ही श्री सोंधिया वर्तमान में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, ब्यावरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. उन्हें कोच शुभम राजपूत का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मिला डावर, जिला खेल अधिकारी महेंद्र परमार, जिला कोच श्रीमती कल्पना भंडारी, राजकुमार प्रजापति सहित खेल और युवा कल्याण विभाग, राजगढ़ ने बधाई व्यक्त की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं.



### झपट्टामारी के दो आरोपी धराए

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 11 नवंबर, सं.** झपट्टा मारकर रुपये ले भागने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. 15 अक्टूबर को भैंस बाजार, जीरापुर में फरियादी के साथ 60 हजार की झपट्टामारी हुई थी. फरियादी द्वारा घटना की रिपोर्ट थाना जीरापुर में दर्ज कराई गई, जिस पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. पुलिस ने प्रारंभिक जांच में एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया था. तत्पश्चात सघन पूछताछ एवं मुखबिर सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक रवि ठाकुर द्वारा गठित टीम ने अन्य दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 हजार नगद बरामद किए. गिरफ्तार आरोपी संदीप पिता रमेशचंद मोंगिया, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम वुडनपुर, थाना सारंगपुर और कमलसिंह उर्फ रामनाथ पिता मुन्नालाल मोंगिया, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम वुडनपुर, थाना सारंगपुर है.



## डिवाइडर हो गया कचरा घर में तब्दील

**पुराना ए.बी.रोड पर डिवाइडर में फेंका जा रहा कचरा**

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 11 नवम्बर, का. नगर के पुराना ए.बी.रोड पर सौंदर्यीकरण हेतु रोड के मध्य डिवाइडर का निर्माण किया गया किंतु प्रारंभ से ही अनदेखी के कारण डिवाइडर बदहाल अवस्था में है. सौंदर्यीकरण की जगह डिवाइडर कचरा घर बने हुए है. डिवाइडर पर कचरा फेंका जाता है. मुल्तानपुरा, इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पुराना बस स्टेण्ड, बस स्टेण्ड से लेकर गुना रोड तक डिवाइडर पर अनेक जगह कचरे के ढेर नजर आ जाएंगे.

### बदसूरत नजर आते डिवाइडर

किन्हीं लोगों द्वारा नगर के मध्य पुराना ए.बी.रोड पर डिवाइडर के बीच ही कचरा डाल दिया जाता है. इससे डिवाइडर काफी बदसूरत नजर आते है. जबकि पौधारोपण होकर इन डिवाइडर का सौंदर्यीकरण किया जाना था. परन्तु आज भी इन डिवाइडर को सौंदर्यीकरण का इंतजार है.

### नाम परिवर्तन सूचना




मेरा नाम पूर्व में महेश गुप्ता पिता रामकुमार गुप्ता सेमली कला थाना भोजपुर खिलचीपुर था. वर्तमान में सभी कागजों में एवं पत्र व्यवहार में मेरा नाम हरिओम गुप्ता पिता रामकुमार गुप्ता सेमली कला थाना भोजपुर खिलचीपुर के नाम से मुझे जाना जाता है इसलिए अब मुझे हरिओम गुप्ता के नाम से जाना जाता है.

**निवेदक**
**हरि ओम गुप्ता पिता रामकुमार गुप्ता सेमली कला भोजपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश**

## 90 वर्षीय समाजसेवी जमनालाल मारोठिया नहीं रहे

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 11 नवम्बर, का.** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक श्री जमनालाल मारोठिया का मंगलवार को लगभग 90 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया. वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे. किंतु धार्मिक, सेवाभावी कार्यो में उनकी सक्रियता बराबर बनी हुई थी. सहज, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनि श्री मारोठिया सेवाभावी कार्यो में हमेशा अग्रणी रहे. वह श्री बिहारी जी महाराज के अनन्य भक्त रहे. हर धार्मिक, सेवाभावी आयोजन में उनकी उपस्थिति रहती थी. अंतिम यात्रा उनके निवास से प्रारंभ होकर प्राचीन श्री बिहारी जी मंदिर के यहां पहुंची जहां आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से उन्हें अंतिम विदाई दी गई. श्री बिहारी जी को अंतिम प्रणाम के बाद शवयात्रा राजगढ़ रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान सामाजिक, धार्मिक संगठनों, राजनैतिक दलों, शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.



**अभियान** ▶ **खिलचीपुर ब्लॉक के 3 दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचेगी प्रशासन की टीम,**

# 30 नंवबर तक मास्टर प्लान पर होगा काम

**बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत पंचायत स्तरीय संवाद कार्यक्रम होंगे आयोजित**

**पंचायत स्तरीय संवाद कार्यक्रम में तिथियां हुईं निर्धारित**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 11 नवम्बर, का.** देवउठनी एकादशी से विवाह मुहूर्त प्रारंभ हो गए हैं तथा आगामी विवाह मुहूर्तों में भी सामूहिक विवाह तथा एकल विवाह सम्पन्न होंगे. जिनमें बाल विवाह होने की आशंका रहेगी. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में विकासखंड खिलचीपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत पंचायत स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न तिथियों में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा. जिनमें विकासखण्ड खिलचीपुर के ग्राम पंचायत में नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है. बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत पंचायत स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन 12 नवम्बर को ग्राम छीपी पुरा, डालू पुरा, हरिपुरा नजदीक में नोडल अधिकारी दीपक उपाध्याय प्रभारी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, 13 नवम्बर को ग्राम देहरा, समेली में नोडल अधिकारी अशोक दीक्षित कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग मोहनपुरा डेम 14 नवम्बर को ग्राम ढाबली कला, धामन्या, ढावली कला में नोडल अधिकारी श्री जे.के. ठाकुर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, 15 नवम्बर को ग्राम हिम्मत पुरा, सेमली कला में नोडल अधिकारी आरएल शेखवार प्रभारी कार्यपालन यंत्री पीएचई राजगढ़ 16 नवम्बर को ग्राम खोखेडा, मौकम पुरा में नोडल अधिकारी डॉ. शोभा पटेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, 17 नवम्बर को ग्राम सतन खेडी में नोडल अधिकारी संदीप दुबे परियोजना प्रबंधक कुण्डालिया, 18 नवम्बर को ग्राम सेदरा जागीर, खाजला, खाजली में नोडल अधिकारी श्रीमती निशा जैन जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, 19 नवम्बर को ग्राम भाटखेडा, जेत पुरा खुर्द में नोडल अधिकारी अर्जुन मालवीय प्रभारी सहायक संचालक पिछडा वर्ग, 20 नवम्बर को ग्राम नाटाराम, रनारा में नोडल अधिकारी अजीत कुमार सिंह जिला आपूर्ति अधिकारी, 21 नवम्बर को ग्राम जैतपुरा कला में, पीपल्या कलां में नोडल अधिकारी श्रीमती सीमा सौलंकी सहायक महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र रहेंगे.




द्वितीय आमंत्रण

RERA No. : P-BPL-25-5394

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

KHAJURI HOUSING
3 BHK LUXURY DUPLEX

स्वतंत्र डुप्लेक्स
भवनों की वृहद आवासीय योजना
जम्बूरी मैदान
के पास (बीएचईएल) अवधपुरी भोपाल

भवन का अपसेट मूल्य ₹ 79.54 लाख से प्रारंभ

ऑनलाईन ई-ऑफर सुविधा
www.mphousing.in
www.mponline.gov.in
पर उपलब्ध



| भवनों की संख्या | सामान्य वर्ग (अनारक्षित) | | अनु. जाति | | अनु. जनजाति | | पिछड़ा वर्ग | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | सैनिक /भू.पू. सैनिक | मान. सांसद/ विधायक | बुद्धिजीवी/ श्रमजीवी पत्रकार | विकलांग | मंडल कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (म.) | | (म.) | | (म.) | | (म.) | | | | | | |
| 49 | 10 | 1 | 4 | 0 | 9 | 1 | 1 | 0 | 3 | 1 | 14 | 1 | 2 | 2 |

**नियम व शर्तें :**

**1.** ऑफर स्वीकृत होने पर ऑफर मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 किस्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। **2. संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मंडल नियमानुसार धरोहर राशि की 50% राशि जब्त कर ली जावेगी। 3.** संपत्ति के एक से अधिक ऑफर स्वीकृत उपरांत उनमे से किसी ऑफर के निरस्त करने के लिए ऑफरकर्ता आवेदन देता है तो उस ऑफर की धरोहर राशि राजसात कर ली जावेंगी। **4.** ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/ संपत्ति का अवलोकन कर ले। **5.** समस्त कर एवं जी.एस.टी. शासन/मंडल के नियमानुसार पृथक से देय होगा। **6.** शासन/मंडल द्वारा निर्धारित लीजरेंट एवं भवनों के मूल्य का 5% कार्पस फंड पृथक से देय होगा। **7.** मंडल/शासन के नियम व शर्तें लागू। **आवेदन शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 25/11/2025, ऑफर डालने की अंतिम तिथि 26/11/2025 सायं 5.00 बजे तक। ऑफर दिनांक 27.11.2025 को सायं 3.00 बजे online खोले जावेंगे। आवेदन फार्म का मूल्य एवं धरोहर राशि online Portal से जमा होंगी। रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होंगी। योजना की विस्तृत जानकारी www.mphousing.in पर उपलब्ध।**

**(एस. के. अग्रवाल)**
सम्पदा अधिकारी, संभाग - 4 प्रथम तल,
सैटेलाइट प्लाजा, अयोध्या नगर, भोपाल

M.P. Madhyam/122948/2025

LOCATION

अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिए संपर्क करें: www.mphousing.in
9691563538, 9406912045, 9406912076, 9826644908